वेदांता प्रदेश में एक लाख करोड़ का निवेश करेगा



जयपुर| राजस्थान दिवस के अवसर पर वेदांता समूह ने राज्य में 1 लाख करोड़ के नए निवेश की घोषणा की है। यह निवेश धातु, तेल-गैस और ऊर्जा क्षेत्रों में पहले से किए गए 1.5 लाख करोड़ से अधिक निवेश के अतिरिक्त होगा। कंपनी के अनुसार, हिंदुस्तान जिंक और केयर्न ऑयल एंड गैस के माध्यम से पिछले एक दशक में करीब 3 लाख करोड़ का योगदान राष्ट्रीय और राज्य के खजाने में दिया है। वेदांता के ऑपरेशन्स ने राजस्थान को धातु और ऊर्जा उत्पादन का प्रमुख केंद्र बनाने में अहम भूमिका निभाई है। समूह ने 1 लाख से अधिक लोगों को रोजगार दिया है, जबकि सप्लाई चेन के जरिए हजारों लोगों की आजीविका जुड़ी है। उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, राजसमंद, अजमेर और बाड़मेर जैसे जिलों में इसका मजबूत औद्योगिक नेटवर्क विकसित हुआ है। हिंदुस्तान जिंक राज्य की खनन रॉयल्टी में लगभग एक-तिहाई योगदान देता है। वहीं, केयर्न के बाड़मेर ऑपरेशन्स से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव आया है।